बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17 भारत सरकार (कार्यवाही प्रतिवेदन) –66/2015 ...1161.....

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण,
जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।
सामाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
बांका।

पटना, दिनांक : 06-03-2021

विषय :– भारतवर्ष के नक्शे को गलत तरीके से YouTube पर प्रदर्शित करने संबंधित मामले की सूचना के आलोक में विशेष सर्वेक्षण के दौरान तथा इससे संबंधित कर्मियों के स्तर से सावधानी बरतने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग के स्तर से यह सूचित किया गया है कि श्री निरंजन सुमन, अंचलाधिकारी, द्वारा YouTube चैनल "NS Knowledge Point" पर गलत तरीके से भारतवर्ष के नक्शे को दर्शाया गया है और इस आलोक में कार्रवाई के लिए अनुरोध किया गया है।

आप अवगत है कि वर्त्तमान में आपके जिलों में विशेष भू–सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त का कार्य जारी है और इससे संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी सर्वेक्षण के दौरान नक्शों पर ही कार्य करते हैं। निदेशालय को यह भी सूचना है कि विशेष सर्वेक्षण के कई पदाधिकारी एवं कर्मी YouTube चैनल पर भी सक्रिय हैं। अतः यह आवश्यक है कि विशेष सर्वेक्षण से संबंधित सभी कर्मी, सरकारी कर्मियों के लिए निर्धारित आचार नियमावली से अवगत हों, ताकि उन कर्मियों के स्तर से कोई अवांछित तथ्य किसी भी सार्वजनिक सूचना माध्यम पर प्रदर्शित न हो।

यदि आचार नियमावली के नियमों के विपरीत कर्मियों के स्तर से किसी भी अननुमान्य सार्वजनिक सूचना माध्यम का उपयोग/दुरूपयोग किया जाता है तो इस संबंध में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि इस संदर्भ में अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 6/3/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
कृ0पृ0उ0

D:\Drive - D\Year Anui-2021\Manoj Jha Sir\Director\04-03-2021 -2.doc

ज्ञापांक :–17 भारत सरकार (कार्यवाही प्रतिवेदन) –66 / 2015 1161 पटना, दिनांक 06-03-2021

प्रतिलिपि :– सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–17 भारत सरकार (कार्यवाही प्रतिवेदन) –66 / 2015 1161 पटना, दिनांक 06-03-2021

प्रतिलिपि :– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–17 भारत सरकार (कार्यवाही प्रतिवेदन) –66 / 2015 1161 पटना, दिनांक 06-03-2021

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप